केस स्टडी- 8/2024

जारी तिथि : 20.03.2024

SPAD

घटनाक्रम:- दिनांक 15.03.24 को पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में **ट्रेन क्रमांक:-B-31** (EMU) ने, कार्य करते समय, बांद्रा स्टेशन के होम सिग्नल S-17 (Automatic) को लाल में पार किया व 11 मीटर आगे AWS ऑपरेट होने से रुकी। मोटरमैन ने पिछला सिग्नल एक पीला 45kmph से पार किया था व होम सिग्नल से 120 mt. पहले गाड़ी की गति 20 kmph थी। मोटरमैन द्वारा लाल सिग्नल से केवल 4 सेकंड पहले इमरजेंसी ब्रेक लगाया गया।

संभावित कारण:-

- ➤ मोटरमैन द्वारा पीला सिग्नल पास करने पर लाल सिग्नल पर ध्यान केन्द्रित न करना।
- ➤ मोटरमैन का ध्यान लाल सिग्नल से हटकर बाजु की लाइन से जाने वाली वन्दे-भारत गाड़ी द्वारा भटकना।
- ➤ मोटरमैन द्वारा एक पीला सिग्नल पार करते समय AUDIO बजर ऑन न करना।
- ➤ मोटरमैन द्वारा लाल सिग्नल देखने पर देरी से ब्रेक लगाना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर गाड़ी की गति 40kmph से कम करलें व सतर्कता से आगे बढ़ते हुए अगले रोक सिगनल पर गाड़ी रोकने के लिए तैयार रहें ।
- ✓ सिगनल लाल होने पर सिग्मा बोर्ड से ही गाड़ी डेड-स्लो करके रुकने के लिए तैयार रहें ।
- ✓ लाल सिग्नल के नजदीक पहुँचते समय मोटरमैन को अन्य किसी गतिविधि में अपने को लिप्त नहीं करना चाहिए ।
- ✓ रोड लर्निंग सही तरीके से लें व अपनी लाइन के सिग्नलो के लोकेशन व ग्रेडिएंट के प्रति जागरूक रहें।
- ✓ हमेशा FSD (फोग सेफ डिवाइस) का कार्यरत एवं पूरा चार्ज होना सुनिश्चित करें ।
- ✓ मेमू ट्रेन कार्य करते समय मोटरमैन व TM आपस में SR-4.51.1 के अनुसार बेल कोड का प्रयोग करें।
- ✓ ऑटोमैटिक ऑडियो अलार्म युक्त EMU/MEMU में एक पीला सिग्नल पास करने पे ऑडियो बजर ऑन करें।



पवनकुमार जयंत

(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

Rly : 56312 टी. आर. ओ. विभाग, नागपुर – हमेशा सतत प्रयासरत .... चालक प्रशिक्षण केंद्र, अजनी, नागपुर